तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 2 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट





12 किसानों की पसंद बनी धान की खेती, इस बार रकबा और...





10 बूथ स्तर से बनेगी सभी सदस्यों की कुंडली ...


## खबर संक्षेप

### संजारी में अखण्ड रामधुनी सम्मेलन 6 व 7 को

**डौंडीलोहारा।** ग्राम संजारी के स्कूल पारा में 6 एवं 7 सितंबर को अखंड रामधुनी सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। प्रथम दिवस श्री राघव रामधुनी मंडली ग्राम शास्त्री चौक चिपरा, संगी जंहुरिया रामधुनी मंडली ग्राम बोहारा, लोकप्रिय आदर्श रामधुनी मंडली ग्राम धनगांव, जय महामाया रामधुनी मंडली ग्राम किकिरमेटा व तुलसी के संदेश रामधुनी मंडली ग्राम बोरसी की प्रस्तुति होगी। द्वितीय दिवस जय रानीमाई रामधुनी मंडली ग्राम कुरुभांठ जिला कांकेर, रामधुनी एवं जराभंजन मंडली ग्राम गांधीनगर, जय मां दुर्गा रामधुनी मंडली एवं जस परिवार ग्राम पेंड्रावानी (अमलीडीह) जिला राजनंदगांव, जय छ.ग. बाल मित्र रामधुनी मंडली ग्राम भांठागांव सिकोसा जिला बालोद व ओमसांई रामधुनी मंडली ग्राम पेंड्रावानी जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्याम लाल कमरिया, उपाध्यक्ष रामलाल इन्दौरिया, कोषाध्यक्ष मोहन निर्मलकर, सचिव ओमप्रकाश गोरे, सह सचिव बुवन लाल भुआर्य वह समस्त ग्रामवासियों ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### बालोद में श्रीमद् देवी भागवत कथा 3 अक्टूबर से

**बालोद।** धर्म नगरी बालोद में श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन 3 अक्टूबर से होने जा रहा है। कथा वाचक रुचिता तिवारी बिलासपुर छत्तीसगढ़ होगी। कथा 3 अक्टूबर से प्रारंभ होगी, जो 11 अक्टूबर तक चलेगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगी। कथा का आयोजन गोविंद राईस मिल प्रांगण गंजपारा बालोद किया जाएगा। कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा 3 अक्टूबर को सुबह 9 बजे श्री गणेश मंदिर सदर रोड से निकाली जाएगी। कलश यात्रा गणेश मंदिर से सदर रोड, घड़ी चौक, दल्ली चौक होते गंजपारा दुर्गा मंदिर तक प्रस्थान करेगी। श्रीमद् देवी भागवत कथा के इस पवित्र कार्यक्रम में देवी मां की महिमा और शक्ति के बारे में जानने का सौभाग्य प्राप्त होगा। यह कथा में देवी मां के विभिन्न रूपों और उनकी शक्तियों के बारे में जानने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान भजन–कीर्तन, प्रवचन होगा, कथा के पश्चात प्रसाद वितरण होगा।

### सूने मकान में चोरी करने वाला धरा गया

**भिलाई।** चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4),305 (ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सुपेला निवासी हेमंत कुमार सिन्हा परिवार समेत मकान में ताला जड़कर ससुराल राजनांदगांव गए हुए थे। वापस अपने मकान में लौटने पर देखा आलमारी में रखे सोना चांदी के जेवरात और नगदी रकम को अज्ञात चोरो कर फरार हो गया। पुलिस में शिकायत करने के बाद पुलिस ने चोरी के आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। इस दौरान सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में टीम बनाई गई। पुलिस को सूचना मिली कि पांच रास्ता सुपेला के पास युवक सोना चांदी के जेवरात लेकर बेचने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने तुरंत युवक को पकड़कर पूछताछ शुरु कर दी।

### राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जीत के बाद लौटने पर मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# देवकर की सानिया व शबा ने राष्ट्रीय स्पर्धा में जीते पदक, सीएम ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नगर देवकर की दो प्रतिभावान खिलाड़ी छात्राओं सानिया परवीन एवं शबा परवीन को राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर लौटने पर मुलाकात कर उनकी उपलब्धियों के सम्मानित किया।

साथ ही मुख्यमंत्री ने दोनों बेटियों को बधाई देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इसके साथ ही इस खास मुलाकात को जहां सीएम ऑफिस के द्वारा सोशल मीडिया पर आधिकारिक रूप से शेयर भी किया गया है, वहीं नगर की इन दोनों सगी बहनों को उनके उपलब्धियों के लिए नगरवासियों में काफी खुशी एवं हर्ष व्याप्त है। दरअसल दोनों खिलाड़ी छात्रा नगर देवकर के वार्ड-15 निवासी एवं छत्तीसगढ़ पुलिस में पदस्थ सुरक्षाकर्मी मोहम्मद लतीफ खान की बेटियां हैं। उन्होंने अपने खेल के प्रति अपनी लगन एवं कड़ी मेहनत से राष्ट्रीय स्तर की प्रथम वेस्ट जोन जु-जित्सु प्रतियोगिता 2024 में पहुँचकर बड़ी बेटी सानिया परवीन ने सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल जीता तो वहीं उनकी छोटी बेटी शबा परवीन ने गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीतकर नगर व समाज सहित प्रदेशभर का गौरव बढ़ाया है।



#### नगरवासियों ने दी बधाई

इस गौरवमयी उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ी छात्राओं को उनके परिजनों, नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों सहित अन्य समस्त लोगों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी जा रही हैं। विदित हो कि नगर देवकर से पहली बार खिलाड़ी के रूप में दोनों छात्राओं का चयन हुआ था।

### राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता में सेजेस हसदा के 8 खिलाड़ियों का हुआ चयन

**बेमेतरा।** भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित पांचवी राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता में सेजेस हसदा के 8 खिलाड़ियों का चयन हुआ। इस चैंपियनशिप का आयोजन उत्तरप्रदेश के मथुरा शहर में 6 से 8 सितंबर तक आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ की महिला और पुरुष दोनों टीमें इस प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। आपको बता दें कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगभग 20 राज्यों की टीम इस प्रतियोगिता में भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ राज्य की टीम का चयन ट्रायल बिलासपुर के मॉडर्न एंड मॉरल अकादमिक पब्लिक स्कूल में रखा गया था। लगभग 8 जिलों के खिलाड़ियों ने इस ट्रायल में भाग लिया था और छत्तीसगढ़ की टीम में अपना स्थान बनाया। बेमेतरा जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की लगभग 8 जूनियर बालक एवं बालिकाओं ने इस प्रदेश की टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया जो 2 सितंबर को अमरकंटक एक्सप्रेस से मथुरा के लिए रवाना होगी। स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा के खिलाड़ियों ने प्रतिवर्ष राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की टीम में स्थान बनाकर जिले तथा अपने स्कूल का मान बढ़ाया है। कई बार राष्ट्रीय स्तर पर इन्होंने प्रदेश को पदक भी दिलाया है। यहाँ के खिलाडी रोजाना कई सारे खेलों का अभ्यास प्रतिदिन करते है, जिसमे स्कूल के व्यायाम शिक्षक, लोकेश्वर राव, रामेश्वरी साहू तथा पूरे शाला परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहता है, जिसके कारण बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष चयनित होते हैं। खिलाड़ियों के चयनित होने पर संस्था प्रमुख दुष्यंत कुमार परगनिया अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्या शिप्रा सरकार तथा ग्राम हसदा के वरिष्ठ जनों संध्या परगनिया बलिराम धीवर, दिलीप वर्मा,आकाश वर्मा, ग्राम सरपंच तेजस्विनी पवन डहरिया तथा संकुल समन्वयक दीपक आदिल ने खिलाड़ियों के चयन उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



#### इन खिलाड़ियों का हुआ चयन, आज होंगे रवाना

राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए बालिका वर्ग में डिंपल निषाद, याचना वर्मा, भूमिका साहू, थाणेश्वरी, चेतावली, कुसुम, लावण्या ध्रुव, तनिष्का सिंह के साथ ही बालिका टीम कोच के रूप में रामेश्वरी साहू का चयन हुआ है। वहीं बालक वर्ग में केवल ध्रुव, रुद्र, तृषानु तरुण, अनिकेत साहू, ईशान साहू, आयुष्मान कौशिक, दिव्यांश ठाकुर, नाम शर्मा, प्रिंस कशयप तथा बालक कोच नितिन राव तथा मैनेजर हिमांशु रॉबिन हैं। टीम अमरकंटक एक्सप्रेस से 2 सितंबर को शाम 7 बजे मथुरा के लिए रवाना होगी।

# शराब सहित संदिग्ध होलोग्राम स्टीकर, खाली शीशियां और ढक्कन कसने की मशीन बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब को लेकर कार्रवाई कर 95.040 बल्कलीटर देशी शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) क,34(2) ,59(क), 49,43,35 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को आबकारी विभाग ने मुखबिर से अवैध मदिरा के परिवहन की सूचना पर सुबह करीब 4 बजे नेशनल हाईवे 130 से मोहलाई मोड़ थाना नांदघाट में आबकारी उप निरीक्षक निवेदिता मिश्रा के नेतृत्व में अस्थाई नाका लगाया। शंका के आधार पर नेशनल हाईवे से मोहलाई की तरफ आ रहे चार पहिया वाहन मारुति इको को रोका गया और तलाशी ली गई। तलाशी में आरोपियों तुषार यादव, ईश्वर साहू, सचिन यादव तीनों निवासी सरगांव के कब्जे से 10 पेटी जिसमें से प्रत्येक पेटी में 48 नग कुल 480 नग 180-180 मिली देशी मदिरा प्लेन से भारी हुई शीशियां, कुल मात्रा 86.400 लीटर देशी मदिरा तथा 50 लीटर क्षमता के दो सफेद प्लास्टिक के जरिकेन में 100 लीटर परिशोधित स्पिरिट एवं इको वैन सीजी 10 बीडी 2714 जब्त किया गया ।

- आबकारी विभाग ने देशी शराब बनाने की फैक्ट्री में मारा छापा





मौके पर ही आरोपियों से पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों ने सरगांव में जब्त नकली मदिरा का निर्माण करने की जानकारी दी। उसके बाद राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम से सहयोग प्राप्त कर सरगांव के समीप गांव हथेली में दबिश दी गई। तलाशी लेने पर मौका स्थल से 48 नग देशी मदिरा प्लेन कुल मात्रा 8.640 लीटर, संदिग्ध होलोग्राम, मदिरा की शीशियों में लगने वाला स्टीकर ▶▶| शेष पेज 11 पर

#### जांच के लिए भेजा गया सैंपल

जब्त की गई शराब संदिग्ध है। इसलिए जांच के लिए सैंपल भेजा गया है। विभाग अवैध शराब के प्रति कड़ाई से कार्रवाई कर रही है।

**-निवेदिता मिश्रा,** आबकारी उप निरीक्षक

# बेलगांव में मिले चार बंदरों के शव मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बीते शनिवार की रात जिले के ग्राम बेलगांव, तहसील थानखमरिया में काले मुँह वाले बंदरों को मारकर गाँव के आसपास फेंक दिए जाने की घटना जानकारी मिली। इस पर रविवार की सुबह, वनमंडलाधिकारी दुर्ग चंद्रशेखर शंकरसिंग परदेशी, साजा पहुँचे और तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने उप वन मंडल अधिकारी बेमेतरा, रेंजर साजा और अन्य स्टाफ को ग्राम बेलगांव भेजा, जहाँ उन्होंने ग्राम कोटवार और ग्रामीणों से पूछताछ की। स्थल निरीक्षण के दौरान, चार सड़े-गले बंदरों के बाल, हड्डी और अन्य अवशेष पाए गए। मौके पर पंचनामा कर, पशु चिकित्सक से शव परीक्षण कराया गया। इस घटना के संबंध में वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 के तहत अपराध क्रमांक 68/14, दिनांक 01-09-2024 को पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है। फिलहाल, मामले की जांच जारी है और जांच के बाद वास्तविक अपराधी को नियमानुसार न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

- वनमंडलाधिकारी दुर्ग साजा पहुँचे, दिए जांच व कार्रवाई के निर्देश

# सीमित गति से चलाएं वाहन दोपहिया पर न बैठें तीन सवारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में यातायात पुलिस नियमों के संबंध में आमजनों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत यातायात पुलिस ने यात्री बसों व बेमेतरा शहर में चलने वाली ई रिक्शा एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में पोस्टर चस्पाकर लोगों को जागरूक किया।

यातायात पुलिस ने पोस्टर चस्पा अभियान के माध्यम से आमजनों को बताया जा रहा है कि दो पहिया वाहन हो या चारपहिया वाहन या उससे बड़े वाहन हो कोई भी गाड़ी को सीमित गति से चलाया जाए, ताकि कोई घटना घटने के पहले ही वाहन को नियंत्रित किया जा सके और घटना को टाला जा सके। साथ ही नशे की हालत में वाहन न चलाने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न चलने और हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने की अपील की गई। साथ ही आमजनों से अपील करते हुए कहा गया कि सड़क पर अगर कोई दुर्घटना होती है और इस घटना में व्यक्ति घायल हो तो उसे हर इंसान को चाहिए कि वे अपनी इंसानियत का परिचय देते हुए घायल को अस्पताल तक पहुंचाये या एंबुलेंस को सूचित करें। इस दौरान यातायात प्रभारी उप निरीक्षक प्रवासी यादव, सउनि भलेतिनुस पन्ना, प्रधान आरक्षक रघुनाथ नेताम, दौलत वर्मा, आरक्षक मुकेश सिंह, पारसमणी साहू, खोमलाल साहू, बसंत राउत, भोलाराम मेरावी, राजेश साहू, नारद साहू, पुना सिंह राजपूत, हुलेश्वर साहू एवं अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

- यातायात पुलिस अभियान चला कर लोगों को कर रही जागरूक


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


# व्यापारियों ने सांसद भोजराज से की भेंट, की सुविधाओं की मांग

**बालोद।** पुराना बस स्टैंड व्यापारी संघ के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग से स्थानीय विश्राम गृह में मुलाकात कर बालोद रेलवे स्टेशन में सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर पत्र सौंपा है। माँग पत्र के संदर्भ में व्यापारी संघ के सचिव तरुण बड़तीया ने बताया कि दल्लीराजहरा से दुर्ग तक दोहरी रेल लाइन का निर्माण अतिआवश्यक है। आवागमन की सुविधा में यह कार्य वरदान साबित होगा। बालोद रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन के तहत अनेक सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, जो आने वाले समय में बालोद रेलवे स्टेशन को सुंदरता प्रदान करेगा। वहीं, दल्ली राजहरा में यात्री ट्रेनों के डिब्बों की धुलाई के लिए वाशिंग यार्ड बनाने की मांग की गई है।


LEELA DEVI COLLEGE OF NURSING & PHARMACY

JOIN THE WORLD CLASS CAMPUS FOR PROFESSIONAL STUDIES

B Sc NURSING [60 SEATS]

Diploma In PHARMACY [60 SEATS]



World Class Infrastructure | Best Sports Complex & Facilities | Hostel and Transport Facility | Highly Equipped Laboratories | Rich library with 5000 Books | Green and Hi-tech Campus | Qualified and Experienced Faculties | 108 beded Parent Hospital

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड तह. पाटन, जिला. -दुर्ग
9131880895, 8319870997

6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
83700 77700, 7024125200

www.leelasgroup.com

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल और साय से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बैज ने मांगा मिलने का समय

**रायपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को चिट्ठी लिखकर मुलाकात का समय मांगा है। उन्होंने कहा, डीपीएस में 4 साल की बच्ची के साथ दुराचार के मामले के साथ राज्य में लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। चोरी, लूट, हत्या जैसी घटनाओं को लेकर राज्यपाल रमेन डेका और सीएम साय को ज्ञापन सौंपेंगे।



### भाजपा कार्यकर्ता ने की आत्महत्या, कांग्रेस समिति करेगी जांच

**रायपुर।** भाजपा कार्यकर्ता संतोष कुमार पटेल की 2 दिन पहले रेलवे ट्रेक पर सिर कटी लाश मिली थी। आत्महत्या के मामले में सियासत हो शरू हो गई है। आरोप है कि पटेल के साथ कुछ दिनों पहले मारपीट हुई थी, इसकी शिकायत धरसींवा थाने में की गई थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इससे दुःखी होकर पटेल ने अपनी जान दे दी। घटना के बाद धरसींवा के थानेदार और हवलदार को लाइन अटैच किए जाने को भी इससे जोड़कर देखा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने घटना की सच्चाई सामने लाने के लिए एक 6 सदस्यीय कमेटी बनाई है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने इस समिति का संयोजक खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव को बनाया गया है। विधायक संदीप साहू और इंद्र साव के साथ राज्यसभा की पूर्व सदस्य छाया वर्मा और धरसींवा की पूर्व विधायक अनिता शर्मा को सदस्य बनाया गया है।

### प्रीति को कांग्रेस ने बनाया डोडा का पर्यवेक्षक

**रायपुर।** जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ से महिला नेत्री प्रीति उपाध्याय शुक्ला को डोडा वेस्ट निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्ति किया है। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा ने आदेश जारी कर उन्हें वहां की जिम्मेदारी संभालने कहा है। इसके पूर्व राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें झारखंड में सिमडेगा तथा गुमला की जिम्मेदारी दी थी। उनकी कार्यशैली को देखते हुए उन्हें पुनः राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी दी गई है।



### आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका भर्ती, 10 तक आवेदन

**रायपुर।** कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कोण्डागांव-2 द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 10 सितंबर तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। सहायिका पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास होना आवश्यक है तथा आवेदक का उसी ग्राम का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु 18 से 44 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### देशव्यापी साक्षरता सप्ताह आज से, 8 को समापन

**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत लागू किए गए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से 1 से 8 सितंबर देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षा और साक्षरता पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साक्षरता सप्ताह का समापन 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने बताया कि इस साक्षरता सप्ताह के दौरान, पूरे देशभर में, जिला, ब्लॉक, नगरीय क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों के साथ-साथ प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से बुनियादी साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, और सतत शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# निगम, मंडल, आयोग की पहली सूची में होंगे एक दर्जन नाम

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की राष्ट्रीय नेताओं के साथ बैठक में बन चुकी है सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब निगम, मंडलों और आयोगों में नियुक्तियों को लेकर कवायद चल रही है। नगरीय निकाय चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले पहली सूची जारी करने की तैयारी है। इस सूची में करीब एक दर्जन नाम होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दिल्ली के दौरों में राष्ट्रीय नेताओं के साथ पहली सूची पर सहमति बन चुकी है। सभी को सूची का इंतजार है। सूची कभी भी जारी हो सकती है। इधर मप्र में भी निगम, मंडलों और आयोग में नियुक्तियों को लेकर तैयारी चल रही है। मप्र के भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा एक सूची लेकर दिल्ली गए हैं। संभावना है कि मप्र और छत्तीसगढ़ की सूची आगे-पीछे या फिर एक साथ जारी हो सकती है।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब तक निगम, मंडल और आयोगों में नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। सरकार बनने के बाद लोकसभा का चुनाव आ गया, इसको लेकर आचार संहिता लग गई। ऐसे में सभी लोकसभा के चुनाव में व्यस्त हो गए। अब लोकसभा का चुनाव निपट चुका है। इसी के साथ प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल को लेकर भी जो कवायद चल रही थी, उस पर फिलहाल विराम लग गया है। मंत्रिमंडल के विस्तार के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा ऐसा कहा जा रहा है। इस बीच अब यह बात सामने आ रही है कि दर्जनभर निगम, मंडलों में नियुक्ति की तैयारी हो गई है।



### सूची का इंतजार

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा का दो दिनों का दिल्ली दौरा हुआ है। इस दौरे में मुख्यमंत्री श्री साय और दोनों डिप्टी सीएम की केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ ही अन्य मंत्रियों से तो मुलाकात हुई है, साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात हुई है। इस मुलाकात में कुछ निगम, मंडलों में नियुक्तियों को लेकर सहमति बनने की बात सामने आ रही है। जब श्री साय और दोनों डिप्टी सीएम दिल्ली से लौटे थे तभी कहा जा रहा था कि सूची जल्द आ जाएगी, लेकिन इसके बाद फिर से सूची अटक गई। कुछ समय पहले तीन दर्जन प्रस्तावित नामों की एक सूची भी वायरल हो चुकी है। हालांकि इस सूची को लेकर भाजपा के पदाधिकारियों ने साफ कहा है कि यह सूची सही नहीं है। लेकिन जानकारों का कहना है कि इसी तरह की प्रस्तावित सूची राष्ट्रीय नेताओं के सामने रखी गई थी जिसमें से एक दर्जन नामों पर सहमति बन चुकी है। अब यह पहली सूची कब जारी होगी, इसका इंतजार सबको है। जानकारों का कहना है, पहली सूची में ज्यादातर नाम संवैधानिक पदों के होंगे, इसी के साथ कुछ अहम निगम और मंडलों में नियुक्ति होगी।

## भाजपा का सदस्यता अभियान 6 सितंबर से बूथों से होगा प्रारंभ

# बूथ स्तर से बनेगी सभी सदस्यों की कुंडली प्रदेश संगठन के पास भी रहेगा अब पूरा रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश में भाजपा का सदस्यता अभियान तीन सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। हालांकि 6 सितंबर को बूथों से सामान्य लोगों को सदस्य बनाने का काम प्रारंभ होगा। इस बार जहां मिस काल से सदस्य बनेंगे, वहीं बूथ स्तर से ही सभी सदस्यों की पूरी कुंडली बनाकर रखी जाएगी। बूथों के बाद शक्ति केंद्र, मंडल, जिलों और फिर प्रदेश स्तर पर भी सभी सदस्यों का रिकॉर्ड रखा जाएगा। इसके पहले मिस कॉल करके सदस्य बना दिए जाते थे, लेकिन यहां पर रिकॉर्ड नहीं रहता था, लेकिन इस बार जिनको भी ऑनलाइन सदस्य बनाया जाएगा, उनका ऑफलाइन रिकॉर्ड भी रखा जाएगा।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने अपने पुराने 18 करोड़ सदस्यों की सदस्यता रद्द करके नए सिरे से देशभर में सदस्यता अभियान सितंबर से चलाने का फैसला किया है। इसको लेकर छत्तीसगढ़ भी लगातार तैयारी चल रही है। मडंलों से लेकर जिलों और अब अंत मं संभाग स्तर की बैठक करके तैयारी पूरी कर ली गई है। सबकी जिम्मेदारी भी तय हो गई है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक वार रूम भी बना दिया गया है। प्रदेश संगठन ने 50 लाख से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। हर बूथ में 200 सदस्य बनाए जाएंगे। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ है। ऐसे में 50 लाख का लक्ष्य आसानी से पूरा हो जाएगा।

### ऑफलाइन भी भरेंगे फार्म

सदस्यता के लिए एक मोबाइल नंबर जारी किया गया है। इसमें मिस कॉल करने पर सदस्य बन जाएंगे। मिस कॉल करने पर मिस कॉल करने वाले के मोबाइल में एक मैसेज आएगा। उसमें सदस्य बनने वाले को अपनी पूरी जानकारी देनी होगी। चूंकि प्रदेश संगठन ने तय किया है कि प्रदेश में भी सदस्यों का पूरा रिकॉर्ड रखा जाना है, इसलिए तय किया गया है कि बूथों में जिनको भी सदस्य बनाया जाएगा, उनका ऑफलाइन रिकॉर्ड भी रखा जाएगा। रायपुर जिले के संयोजक सत्यम दुआ ने बताया, रायपुर सहित प्रदेश में जहां भी सदस्य बनाएं जाएंगे, उनका ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन फार्म भी भरा जाएगा ताकि रिकॉर्ड रखा जा सके। इसके लिए सभी बूथों के लिए फार्म दिए गए हैं। सबसे पहले बूथों में सदस्यों का फार्म देखकर एक रजिस्टर बनाया जाएगा जिसमें सदस्यों के नाम लिखे होंगे। बूथों में जितने भी सदस्य बनेंगे, उसका पूरा रिकॉर्ड शक्ति केंद्रों को भेजा जाएगा। शक्ति केंद्र अपने पास रिकॉर्ड रखने के साथ रिकॉर्ड की एक प्रति मंडलों को भेजेंगे। इसी तरह से मडंलों से रिकॉर्ड जिलों और जिलों से प्रदेश संगठन के पास जाएगा। ऐसे में हर स्तर पर सदस्यों का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा।

### सभी संभागों में हुई कार्यशाला

सदस्यता अभियान को लेकर शनिवार को सभी पांच संभागों रायपुर, दुर्ग, बस्तर, बिलासपुर और सरगुजा में कार्यशाला की गई। इसमें क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सदस्यता प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव और प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित सभी प्रमुख पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का अभियान के संदर्भ में प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से मार्गदर्शन किया।

# महापौर ढेबर ने केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

## रायपुर के विकास के मुद्दों पर हुई विशेष चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के महापौर एजाज़ ढेबर ने नागपुर प्रवास के दौरान केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके निज निवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने रायपुर के विकास के मुद्दों पर चर्चा की।

नागपुर प्रवास के दौरान महापौर एजाज ढेबर ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राजधानी रायपुर में गौरवपथ रोड, तेलीबांधा से टाटीबंध रोड तक फ्लाईओवर निर्माण के लिए उचित धन राशि प्रदान करने का आग्रह किया। श्री ढेबर ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि फ्लाईओवर निर्माण से रायपुर की जनता को विशेष सुविधा होगी। यही नहीं, लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। खासकर भिलाई और महासमुंद की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए फ्लाईओवर बेहद कारगर सिद्ध होगा।

रायपुर के विकास एवं जन सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए महापौर एजाज ढेबर ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से लाइट बुलेट ट्रेन के एमओयू के संबंध में भी चर्चा की। विदित हो, पिछले दिनों मास्को में हुए इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट मीट में मास्को के मेयर एवं ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर के साथ लाइट बुलेट ट्रेन के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये जाने के मामले को लेकर विपक्ष ने महापौर एजाज ढेबर पर आरोप भी लगाए थे। इनका जवाब महापौर की ओर से दिया गया।

# आज सीएम निवास पर तीजा पोरा का कार्यक्रम, महतारी वंदन की किस्त जारी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



महतारी वंदन योजना के तहत सीएम विष्णुदेव साय प्रदेश की माताओं और बहनों को तीजा की खुशियां देने जा रहे हैं। तीजा पर्व पर महतारी वंदन योजना की अगली किस्त उनके खाते में आएगी। तीजा पर माताओं बहनों को यह सौगात देने की पूरी तैयारी सरकार ने कर ली है। प्रदेश की करीब 70 लाख माताओं और बहनों को यह राशि जारी होगी।

सीएम विष्णुदेव साय दो सितंबर को सीएम निवास में आयोजित होने वाले तीजा पोरा महतारी वंदन तिहार के मौके पर यह सौगात देंगे। सीएम महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की समस्त हितग्राही महिलाओं को इस योजना की अगली किस्त जारी करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से ट्विट में पोस्ट कर महतारी वंदन योजना की नई किस्त देने को लेकर पुष्टि की गई है। सीएमओ छत्तीसगढ़ से किए गए पोस्ट में सीएम विष्णुदेव साय ने लिखा है कि माता-बहनों को फिर से खुशियों का नोटिफिकेशन मिलेगा। 2 सितम्बर को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित होने वाले तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार के मौके पर 70 लाख से ज्यादा महतारी बहनों को उपहार स्वरूप महतारी वंदन योजना की सातवीं किस्त जारी करूंगा। यह राशि हमारी माता-बहनों के तीजा त्योहार की खुशी को दोगुना करेगी।

### सातवीं किस्त होगी जारी

सीएम दो सितंबर को महतारी वंदन योजना की सातवीं किस्त जारी करेंगे। छत्तीसगढ़ की 70 लाख माताओं बहनों को यह उपहार मिलेगा। महतारी वंदन योजना के तहत राशि सीधे योजना के हितग्राहियों के खाते में ट्रांसफर होगी।

# टीम कैट ने प्रमुख लोकायुक्त इंदर सिंह उबोवेजा से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रमुख लोकायुक्त इंदर सिंह उबोवेजा से सौजन्य मुलाकात कर बधाई दी।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया, भारतवर्ष में लोकपाल जैसी संस्था स्थापित किये जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। प्रशासनिक सुधार आयोग ने अक्टूबर 1966 में प्रस्तुत किये गए अपने प्रतिवेदन में भारतीय नागरिकों के होने वाली समस्याओं का समाधान करने की कठिनाई के अंतर्गत प्रशासनिक भ्रष्टाचार, कुप्रशासन, अवचार के संबंध में कमी, प्रशासन के अपेक्षित मापदंडो में ईमानदारी और क्षमता की कमी के सम्बन्ध में जिक्र किया। तथ्यों के विश्लेषण के बाद भारतीय नागरिकों को इन समस्याओं के निदान के लिए उपलब्ध व्यवस्था और उसके स्थान पर नई व्यवस्था प्रस्तुत करने पर विचार किया गया। इसमें लोकायुक्त की नियुक्ति का प्रावधान किया गया।

श्री उबोवेजा से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में चेयरमैन मगेलाल मालू, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव,परमानंद जैन, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, प्रीतपाल सिंह बग्गा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# दक्षिण उपचुनाव की तैयारी शुरू, कांग्रेस के वार्ड प्रभारी बूथों को कर रहे सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दक्षिण विधानसभा उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले 19 वार्डों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को प्रभारी बनाया गया है। वार्ड प्रभारी वार्डों में जाकर चुनाव के संबंध में बैठक लेकर बूथ के लोगों सक्रिय करने का प्रयास कर रहे हैं।

सभी वार्डों में बूथ कमेटी का पुर्नगठन, मतदाता सूची के अनुसार सर्वे और हर बूथ में प्रभारी नियुक्त कर बूथ कमेटी बनाने एवं बूथ स्तर की बैठक की जा रही है। उपचुनाव को लेकर वार्डों में प्रभारियों की एक बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में ली। उन्होंने सभी प्रभारियों से वार्डों के बूथ कमेटियों के संबंध में जानकारी ली। दक्षिण विधानसभा की बूथ कमेटी जहां पर सक्रिय नहीं है, वहां पर नए प्रभारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जाता है कि उन चुनाव को लेकर विधानसभा क्षेत्र के हर वार्ड और वहां के कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक लेकर चुनाव के पहले पूरी तैयारी कर ली जाए। वहां पर चुनाव की घोषणा के पहले मतदाता सूची के आधार पर युवा मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में करने के संबंध में कार्यक्रम करें।

### पीसीसी अध्यक्ष ने ली वार्ड प्रभारियों की बैठक



### वार्ड प्रभारी लगातार ले रहे बैठक

उप चुनाव की तैयारी को लेकर पिछले एक सप्ताह से प्रभारियों के द्वारा वार्डों की बैठक लेकर वहां के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से वार्ड में पार्टी की स्थिति की जानकारी लेकर उन्हें मजबूत करने के टिप्स दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहर के डॉ खूबचंद बघेल वार्ड कांग्रेस कमेटी में प्रभारी पूर्व सांसद छाया वर्मा ने भी बैठक ली। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से उपचुनाव की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत ठेंगड़ी, वार्ड अध्यक्ष सुनील ध्रुव, प्रीति सोनी, मोहम्मद नियाज, तुषार पांडे, कविता वर्मा सहित बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद लोगों की निशर्त रिहाई की मांग

# भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर ने कहा- छत्तीसगढ़ में जाति जनगणना होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भीम आर्मी चीफ और यूपी के नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने छत्तीसगढ़ में जातिगत जनगणना कराने की मांग की है। छत्तीसगढ़ में जाति जनगणना होनी चाहिए और राज्य में अनुसूचित जातियों के लिए 16 प्रतिशत कोटा बहाल किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जातियों को 16 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा था, जिसे जाति जनगणना कराए बिना घटाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया। राज्य सरकार को जाति जनगणना करानी चाहिए और जनसंख्या के आधार पर 16 प्रतिशत कोटा बहाल करना चाहिए। चंद्रशेखर आजाद ने बलौदाबाजार हिंसा की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा, विजय स्तंभ को नुकसान पहुंचाने की घटना की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से कराई जानी चाहिए। बलौदाबाजार आगजनी की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए लोगों की बिना शर्त रिहाई की जानी चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार पर ऐसे लोगों को साजिश के तहत गिरफ्तार करने का आरोप लगाया।

राजधानी रायपुर पहुंचने पर भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने छत्तीसगढ़ की सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, मैं और हमारी पार्टी की छत्तीसगढ़ में यात्राएं होंगी। आज हमारी यात्रा का मुख्य चरण है। हम समाज को एकजुट करेंगे और सरकार के अत्याचारों को लेकर आंदोलन करेंगे। बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद लोगों की रिहाई को लेकर रायपुर के साइंस कालेज मैदान पर आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी ने जनसभा का आयोजन किया। चंद्रशेखर आजाद ने कहा, आज जो लोग जेल में हैं, उन लोगों ने आपके हितों की रक्षा की है। जब वो बाहर आएंगे तो फूल से उनका स्वागत करेंगे।

### जेल से रिहा नहीं हुए तो छग में कदम नहीं रखूंगा

अगर अक्टूबर तक सतनामी समाज के लोगों को जेल से रिहा नहीं किया गया, तो मैं छत्तीसगढ़ में कदम नहीं रखूंगा। अगर हमें भूख हड़ताल करनी पड़ी, प्रदर्शन करना पड़ा, सड़कों पर उतरना पड़ा, तो हम सब कुछ करेंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो मैं छत्तीसगढ़ में कभी अपनी शक्ल नहीं दिखाऊंगा।

### अब आर-पार की लड़ाई

चंद्रशेखर ने कहा, मैं आपकी ताकत को जनता हूं। एक इशारा कर दूं, तो छत्तीसगढ़ बंद हो जाएगा, लेकिन मैं चाहता हूं आप लोग संवैधानिक रूप से चलें। मैं वादा करता हूं, जब तक जेल में बंद लोग छूटेंगे नहीं आंदोलन करेंगे। अब आर-पार की लड़ाई है। 1 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ भवन का घेराव करेंगे।

# एनएसयूआई ने बढ़ते अपराधों के विरोध में निकाली मशाल यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीपीएस भिलाई में 4 साल की बच्ची से छेड़छाड़ और प्रदेश में लगातार हो रही अनाचार की घटनाओं के खिलाफ एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मशाल यात्रा निकाली। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में गांधी मैदान कांग्रेस भवन से गांधी प्रतिमा आज़ाद चौक तक मशाल यात्रा निकाली गई।

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने कहा, डीपीएस में 4 साल की अबोध बच्ची के साथ हुई छेड़छाड़ की गंभीर घटना बेहद दुखद है। नियमानुसार पहले इस मामले में एफआईआर कर जांच की जानी थी। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड के सामने बच्ची का परीक्षण क्यों नहीं करवाया? इस पूरे मामले में एसपी का बयान भी बेहद ही गैर जिमेदाराना तथा आरोपियों को बचाने वाला है।

## खबर संक्षेप

### श्री राणी सती दादी मंदिर में अमावस्या महोत्सव आज से



**रायपुर।** श्री राणी सती मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय 2 से 3 सितंबर तक श्री राणी सती दादी मंदिर में भाद्र-अमावस्या महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मेले में छत्तीसगढ़ सहित अन्य पड़ोसी राज्यों के श्रद्धालु भी भारी संख्या शामिल होंगे। इसके अलवा प्रांत के बाहर आए हुए भक्तों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था निशुल्क मंदिर समिति द्वारा की गई है। यह जानकारी मंदिर समिति के अध्यक्ष किशोर ड्रोलिया और कैलाश अग्रवाल ने देते हुए बताया कि राजा तालाब स्थित मंदिर में 2 सितंबर को शाम 7 बजे से दादीजी का नयनाभिराम श्रृंगार का दर्शन होगा। रात्रि 8.30 बजे ज्योति पूजन के बाद रात्रि 9 बजे से आमंत्रित भजन गायक पूजा नत्थानी एंड पार्टी कोलकाता, मनोज सेन एंड पार्टी, धनबाद द्वारा भजन संकीर्तन कर रात्रि जागरण होगा।

### अधिवक्ता उमाशंकर को एससीएसटी कोर्ट और विमला को पास्को कोर्ट की जिम्मेदारी





**रायपुर।** राज्य में भाजपा की सरकार बनने के लगभग 6 माह बाद छत्तीसगढ़ शासन के विधि और विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय द्वारा विगत दिनों आदेश जारी करते हुए यास्मीन बेगम विशेष लोक अभियोजक (पीओएससीओ) के स्थान पर विशेष न्यायालय, पास्को में राज्य की ओर से पैरवी करने के लिए अधिवक्ता विमला तांडी को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है। इसी तरह नीलेश ठाकुर विशेष लोक अभियोजक के स्थान पर विशेष न्यायालय अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 में राज्य की ओर से पैरवी करने के लिए अधिवक्ता उमाशंकर वर्मा को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया।

### संजय बने छग स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष



**रायपुर।** एक निजी होटल में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन की 43वीं वार्षिक आमसभा और द्विवार्षिक चुनाव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के सदस्य और पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से फिर से संजय त्रिपाठी को छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसी दौरान दीपक बजाज दिल्ली के एक टॉक शो का बेहतरीन आयोजन भी किया गया, जिसमें लोगों को प्रशिक्षित किया गया। इस वार्षिक आमसभा में कमल शारडा, दिनेश अग्रवाल, नरेंद्र गोयल, रमेश अग्रवाल, बिशंभर अग्रवाल, जेपी अग्रवाल, विजय गोयल, अनिल अग्रवाल, अंकित केडिया, मनोज केडिया, संजय बोथरा, आशीष बोथरा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# डब्लूआरएस कॉलोनी में 11 हजार लॉकिंग प्लेट, नट बोल्ट, स्क्रेप मटेरियल से गणेशजी तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

खास खबर

राजधानी में इस बार की गणेशोत्सव कुछ खास अंदाज में होगा। पहली बार शहर में लोहे के गणेश जी लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र होंगे। 11 हजार लॉकिंग प्लेट, नट बोल्ट, वायसर और रेल्वे के अलग-अलग स्क्रेप मटेरियल से अंचल के कलाकार अशोक देवांगन ने अपनी टीम के साथ मिलकर 1 माह की मेहनत के बाद 1000 किलो वजनी स्ट्रक्चर को तैयार किया है। गणेशोत्सव के दिन विधि-विधान से इसकी पूजा अर्चना की जायेगी।

7 सितंबर से शुरू होने वाले गणेशोत्सव में स्क्रैप से निर्मित 12 फीट ऊंचाई और 8 फीट चौड़े गणपति बप्पा का दर्शन शहरवासी वैगन रिपेयर शॉप कालोनी में कर पायेंगे। इसे रेलवे के 4 अप्रेंटिस प्रशिक्षु और कलाकार अशोक देवांगन ने लीक से हटकर आकार दिया है। गणेश जी की पूरी प्रतिमा नट बोल्ट, वायसर, लॉकिंग प्लेट सहित रेल्वे के अलग-अलग तरह के स्क्रैप से तैयार की गई है। इसमें 11 हजार लॉकिंग प्लेट का उपयोग किया गया है। कलाकार अशोक देवांगन ने हरिभूमि को बताया कि लोहे से बनाये गये गणेश जी की प्रतिमा को स्थायी रूप से वहां रखा जायेगा। इससे पहले वे लोहे के स्क्रैप में बड़ी विशालकाय कलाकृतियों का निर्माण कर चुके हैं। देश के विभिन्न रेलवे के कारखानों में इंडिया गेट, गेटवे ऑफ इंडिया, ताजमहल, कुतुबमीनार, बुद्ध और 500 से अधिक बस्तर आर्ट की कलाकृति लग चुकी है।

रायपुर एयरपोर्ट पर उनकी बनाई गई घोड़े की आकृति एयरपोर्ट की पहचान बनी है। इस बार के गणेश की कलाकृति निर्माण में सेक्टर इंजीनियर गुलाब सिंह, प्रशिक्षु अमित मंडल, एलपी अमित का सहयोग रहा।

**खास बातें**

- 12 फीट चौड़ा, 8 फीट ऊंचा और 1 हजार किलो वजनी स्ट्रक्चर
- 4 अप्रेंटिस प्रशिक्षु और स्क्रैप के जादूगर अशोक देवांगन की महीनेभर की मेहनत



### तात्यापारा में वेस्टर्न थीम पर पंडाल 14 फीट ऊंचे गणेशजी



श्री भारतीय समाज, तात्यापारा चौक गणेशोत्सव समिति की ओर से इस बार क्रिस्टल वर्क से तैयार 14 फीट ऊंचाई वाले गणपति बप्पा, रिद्धि सिद्धि के साथ वेस्टन थीम वाले पंडाल पर विराजमान होंगे। चेन्नई के कुमार कोट्टायम मंदिर के प्रतिमा की तर्ज पर इस आकर्षक गणेश प्रतिमा का निर्माण ग्राम थनौद के मूर्तिकार राधेश्याम चक्रधारी द्वारा किया जा रहा है। 2 टन वजन वाली आकर्षक प्रतिमा को गढ़ने में मूर्तिकार जुटे हुए हैं। समिति के कुशल गेडेकर, हर्षित साहू और गौरव गेडेकर ने बताया कि उनकी समिति इस बार 38वां गणेशोत्सव मनायेगी।

## पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आरंग की छात्राओं ने मेस समिति के विरुद्ध की शिकायत

# निशुल्क भोजन के बदले वसूल रहे 5-5 सौ रुपए, न क्वालिटी सही, न ही खाना भरपेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग में संचालित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास के मेस में छात्राओं को न ही भरपेट खाना नहीं मिल रहा है और न ही खाना की क्वालिटी सही है। छात्राओं ने छात्रावास की मेस समिति पर आरोप लगाया है कि घटिया और कम खाना देने का विरोध करने पर समिति के सदस्यों द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। इस शिकायत को लेकर छात्राओं ने आदिम जाति विकास विभाग कार्यालय पहुंचकर इसकी लिखित शिकायत की है। इधर इस मामले में विभाग के अधिकारी का कहना है कि मेस का संचालन छात्राओं का ही एक ग्रुप करता है। इस मामले की जांच की जाएगी। जांच में अगर आरोप सही पाए जाते हैं, तो मेस समिति को भंग कर दूसरी समिति बनाई जाएगी।

आरंग स्थित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास की 30-35 छात्राएं शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंची थीं। इन सभी छात्राओं को कलेक्टोरेट मुख्यालय के मेन गेट के सामने तैनात पुलिस बल ने रोक दिया। छात्राओं के एक साथ कलेक्टोरेट पहुंचने से कुछ देर के लिए आदिम जाति विकास में भी हड़कंप मच गया था।

पुलिस द्वारा दी गई सूचना पर विभाग के अधिकारी तुरंत मुख्य गेट पर पहुंचे और छात्राओं से बातचीत की। इस दौरान छात्राओं ने उन्हें ज्ञापन देते हुए मेस समिति को हटाए जाने की मांग की। छात्राओं की बात सुनने के बाद अधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि स्वयं छात्रावास आकर इस मामले की पड़ताल करेंगे। इस दौरान वे मेस समिति के सदस्यों के साथ छात्रावास की अधीक्षिका से भी बात करेंगे। इस पड़ताल में शिकायतें सही पाई गईं, तो समिति को भंग कर उसकी जगह नई समिति को मेस संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी।



**शिकायत पर जांच करेंगे**

छात्राओं ने शिकायत की है कि मेस समिति भरपेट और सही खाना उपलब्ध नहीं करा रही है। इसका विरोध करने पर समिति के सदस्य अभद्र व्यवहार करते हैं। इसकी जांच करेंगे। जरूरत पड़ने पर समिति को भंग कर दूसरी बनाएंगे।
- **विजय सिंह कंवर**, सहायक आयुक्त

### छात्राओं का एक ग्रुप करता है मेस का संचालन

मेस का संचालन छात्राओं का एक ग्रुप करता है। इस समिति को प्रति छात्रा के हिसाब से शासकीय दर 12 सौ रुपए प्रति माह दिया जाता है। समिति द्वारा इस राशि के हिसाब से छात्राओं को सुबह का नास्ता, दोपहर एवं रात के भोजन की व्यवस्था की जाती है।

### 5-5 सौ रुपए छात्राओं से अतिरिक्त राशि ली जा रही

छात्राओं ने आरोप लगाया है कि मेस समिति को विभाग द्वारा नास्ता-भोजन की व्यवस्था के लिए भुगतान किया जाता है। इसके बाद भी समिति सभी छात्राओं से 5-5 सौ रुपए ले रही है। छात्राओं का कहना है कि इसके बाद भी समिति द्वारा छात्राओं को अच्छा एवं पेटभर भोजन परोसा नहीं जा रहा है।

## दोना-पत्तल, कुटकी से किसानों-आदिवासियों के बीच शुरू होगा लघु उद्योग, मिलेगा रोजगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कबीरधाम जिले में ग्राम सेमहरा कईकुकदूर में ऐसे आदिवासी व किसान जो तेन्दूपत्ता तोड़कर जीवन चलाते हैं, ऐसे छत्तीसगढ़ियों की एक साथ दुर्घटना में मृत्यु होने पर राज्य आंदोलनकारियों ने पूरे गांव को गोद लिया है। दोना-पत्तल, कोदो- कुटकी से जुड़े पहले उद्योग की स्थापना गणेश चतुर्थी पर सात सितंबर से की जाएगी। यह घोषणा शनिवार को पत्रकार वार्ता में राज्य आंदोलनकारी रायपुर एवं छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा की गई।

- छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा ने दी पहल की जानकारी

राज्य आंदोलनकारी संगठन से जुड़े भगवान बिरसा मुण्डा वन कृषि आधारित उत्पादन समिति के बैनर तले राज्य आंदोलनकारी दीनदयाल वर्मा, जीपी चंद्राकर, जागेश्वर प्रसाद, अनिल दुबे, लालाराम वर्मा ने क्षेत्र के 6 युवाओं को लघु उद्योग चलाने के लिए प्रशिक्षण दिलवाया है। प्रशिक्षण दिलाने के बाद राज्य आंदोलनकारियों ने आपस में कलेक्शन कर 2 लाख में दोना-पत्तल बनाने वाली मशीनें खरीदी हैं। इसे गांव के लोगों को देते हुए गणेश चतुर्थी से उन्हें जीवन यापन के लिए तकनीक से जोड़ने का अवसर देने जा रहा है।

### 16 जिलों में पहल प्रस्तावित

कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए स्वागत द्वार, पंडाल निर्माण के साथ आदिवासी परंपरा के तहत वाद्ययंत्र, आदिवासी नृत्य का आयोजन किया जाएगा। इसमें कबीरधाम के जिलाधीश को भी आमंत्रित किया है। इसमें डीएफओ, तहसीलदार, एसडीएम और पंडरिया थाना प्रभारी भी शामिल होंगे। राज्य आंदोलनकारियों ने इस प्रयोग को छत्तीसगढ़ के प्रमुख 100 गांवों तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। इसे 16 जिलों तक पहुंचाने की पहल प्रस्तावित है। इसमें बस्तर, जशपुर, सरगुजा, बिलासपुर, नांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बालोद, धमतरी, कांकेर शामिल है।

## बेंगलुरु कर्नाटका में रायपुर बस ऑपरेटर हुए सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बेंगलुरु कर्नाटका में बस ऑपरेटर कॉनफेडरेशन ऑफ इंडिया बोकी द्वारा आयोजित प्रवास 4.0 कार्यक्रम में देश के वेस्ट जोन के बस ऑपरेटरों में छत्तीसगढ़ रायपुर के दो ट्रैवल्स बस ऑपरेटर को तमिलनाडु सरकार ने सम्मानित किया है। इनमें रॉयल ट्रैवल्स बस ऑपरेटर को लोकप्रिय बस ऑपरेटर के लिए तथा न्यू रॉयल ट्रैवल्स को स्टेज कैरिज ऑपरेटर के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार राज्य के परिवहन मंत्री टीएसएस शिवाशंकर ने दिया।

- तमिलनाडु सरकार ने देश के वेस्ट जोन में लोकप्रिय एवं स्टेज कैरिज ऑपरेटर के लिए किया पुरस्कृत

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के संरक्षक प्रमोद दुबे ने इस सम्मान के लिए रॉयल बस ट्रैवल्स ऑपरेटरों को बधाई देते हुए कहा कि ये छत्तीसगढ़ के लिए खुशी, गौरव व सम्मान की बात है। यह उपलब्धि राज्य के बस ऑपरेटरो के लिए प्रेरणा का काम करेगी। यातायात महासंघ के प्रमुख सलाहकार शिवेश सिंह ने कहा है कि अब छत्तीसगढ़ राज्य में भी बस संचालन का व्यवसाय शिखर पर पहुंच चुका है, जिसका उदाहरण राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में वेस्ट जोन में छत्तीसगढ़ के बस ऑपरेटरों को मिला सम्मान है। यह समूचे छत्तीसगढ़ का सम्मान है। रायल ट्रैवल्स के संचालक एवं महासंघ के अध्यक्ष अनवर अली ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए महासंघ के अन्य सदस्यों ने भी उन्हें बधाई दी है।

## बीएससी नर्सिंग के नतीजे घोषित, करीब साढ़े 13 हजार प्रवेश के लिए पात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

शासकीय एवं निजी नर्सिंग कालेजों में बीएससी प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा के परिणाम व्यापमं ने घोषित कर दिए हैं। पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक के नियम के हिसाब से करीब साढ़े 13 हजार परीक्षार्थी प्रवेश के लिए पात्र हैं। इस परीक्षा में 28 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

राज्य में निजी और शासकीय मिलाकर बीएससी नर्सिंग की लगभग आठ हजार सीटों में एडमिशन होता है। इसके लिए व्यापमं हर साल परीक्षा का आयोजन करता है। नियम के मुताबिक प्रवेश परीक्षा में जिन्हें पचास प्रतिशत अंक प्राप्त होता है, उन्हें कालेज में प्रवेश के लिए पात्र माना जाता है। इस प्रवेश परीक्षा में कुल 27884 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा का आयोजन जुलाई के दूसरे पखवाड़े में किया गया था। सूत्रों के अनुसार शनिवार को घोषित किए गए परिणाम में 13 हजार छात्रों को नियम के अनुसार प्रवेश के लिए पात्र पाया गया है। इसके अलावा व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा तीस जून को प्री-बीएड तथा डीएलएड की परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसके परिणाम की घोषणा भी शनिवार को 31 अगस्त को कर दी गई है।




- पचास फीसदी न्यूनतम अंक, करीब 28 हजार शामिल हुए थे

### चिकित्सा शिक्षा विभाग से भर्ती

बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा परिणाम के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के निजी और शासकीय नर्सिंग कालेजों में बीएससी नर्सिंग की प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इन कालेजों में आईएनसी द्वारा पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक के माध्यम से प्रवेश का नियम बनाया गया है, मगर पिछले कई सालों ने पहले दौर के प्रवेश के बाद कालेजों में खाली सीटों को ध्यान में रखते हुए नियम को शिथिल कर प्रवेश परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को प्रवेश के लिए पात्र करार दिया जाता है।

## उपभोक्ताओं को लोड बढ़ाने दफ्तरों के चक्कर काटने से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में अब किसी भी बिजली उपभोक्ता को अपने घरेलू कनेक्शन का लोड बढ़ाने के लिए बिजली दफ्तरों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। इसी के साथ अब किसी भी तरह के आवेदन और दस्तावेज भी नहीं देने पड़ रहे हैं। लोड बढ़ने पर पॉवर कंपनी खुद से ही बिजली बिल में शुल्क जोड़कर इसको अपग्रेड करने का काम कर रही है। प्रदेशभर के 55 लाख से ज्यादा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार की पहल पर यह बड़ी राहत मिली है।

- न आवेदन की जरूरत, न ही प्रोसेसिंग शुल्क देना जरूरी

बिजली के घरेलू उपभोक्ताओं को अपने एक किलो वॉट के कनेक्शन में लोड बढ़ाने के लिए अब तक भारी मशक्कत का सामना करना पड़ता था। इसके लिए जो प्रक्रिया थी, वह इतनी ज्यादा जटिल थी कि इसको पूरा करवाने में उपभोक्ता का पसीना छूट जाता था। इसी के साथ बहुत ज्यादा कागजी खानापूर्ति की भी जरूरत पड़ती थी। इसी के साथ पैसे भी ज्यादा लगते थे। इसकी जानकारी प्रदेश सरकार तक पहुंचाने पर इस प्रक्रिया को सरल बनाने के निर्देश पॉवर कंपनी को दिए गए। इसके बाद पॉवर कंपनी ने इसको पूरी तरह से सरल बना दिया है।



### बिना आवेदन ही अब काम

नई व्यवस्था में अब किसी भी उपभोक्ता को अपना लोड बढ़ाने के लिए आवेदन देने की जरूर ही नहीं है। इसी के साथ अब जिस घर में बिजली कनेक्शन है, उसके कागजात, संपति कर की रसीद सहित अन्य खानापूर्ति की भी जरूरत नहीं। इसी के साथ जो दो सौ रुपए का प्रोसेसिंग शुल्क लगता था, वह भी नहीं लग रहा है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक अब किसी भी उपभोक्ता का लोड अगर एक किलो वॉट के स्थान पर दो किलो वॉट हो जाता है तो उसके बिल में एक किलो वॉट का शुल्क आठ सौ रुपए और 18 फीसदी जीएसटी के 144 रुपए मिलाकर 944 रुपए जोड़कर भेज दिए जाते हैं। इसी के साथ बिजली बिल में एक किलो वॉट के स्थान पर लोड दो किलो वॉट लिखकर आने लग जाता है।

## अयोध्या में हुआ संतों के सानिध्य में गोदड़ीवाला धाम का भूमिपूजन

**रायपुर।** अयोध्या के अवधपुरी कालोनी अमानी गंज में संत-महात्मा के सानिध्य में विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ गोदड़ीवाला धाम का भूमिपूजन हुआ। इसमें प्रमुख रूप से जलगांव साहब से महंत देवीदास, अमर शहीद संत कंवरराम ट्रस्ट के प्रतिनिधि सांई नितिनलाल फैजाबाद, सांई महेशलाल, शिव शांति आश्रम के सांई हरिश लाल, भोजाराम दरबार से सांई ठाकुर दास, रेडियो सिंगर विशनी इसरानी, गुजरात और महाराष्ट्र जलगांव के जाने-माने गायक रतन जादवानी और उनकी टोली विशेष रूप से मौजूद रही। दरअसल, अयोध्या में 20 कमरों से सुसज्जित सर्व सुविधायुक्त गोदड़ीधाम बनेगा। वहां समाज के श्रद्धालुओं के लिए ठहरने व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। इसके निर्माण के लिए भूमिपूजन 30 अगस्त को सुबह 10 बजे से शुरू हुआ। इसमें गोदड़ीवाला धाम छत्तीसगढ़ के 11 धाम के साथ देशभर के 50 धाम से श्रद्धालु भूमिपूजन कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने विशेष रूप से राम जन्मभूमि व हनुमान गढ़ी जाकर दर्शन किया। आयोजन में मुख्य रूप से सेवादार जय आहूजा, प्रेम पाहुजानी, महेश केवलरामानी, हरीश कोडवानी, सुरेश जैरानी, पुजारी चौथवानी, शीतल रचदानी, दीपक छेतीजा, नरेश परयानी, राजेश गिदवानी, दीपक खेमानी, दिलीप जुमनानी ने सेवाएं दी।

## बीएलओ प्रपत्र के माध्यम से बताएंगे वार्ड में ओबीसी मतदाता की संख्या

# निकाय चुनाव, ओबीसी का आरक्षण तय करने होगा सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए नगर निगम के वार्डों के परिसीमन के बाद अब ओबीसी सर्वे शुरू हो रहा है। विधानसभा चुनाव के दौरान तैयार की गई मतदाता सूची पर आधारित होगा। निकाय चुनाव की तैयारी में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए सर्वे की तैयारी है। नगरीय निकाय विभाग द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों के आरक्षण के संबंध में ओबीसी का सर्वेक्षण कराया जाएगा।

मतदाता सूची का पुनरीक्षण का कार्य जिला कलेक्टर द्वारा 20 अगस्त से 10 अक्टूबर तक कराया जाएगा। मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए बूथ लेवल अधिकारी डोर-टू-डोर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य करेंगे। पुनरीक्षण के दौरान उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग की




संख्या के आकलन के लिए प्रपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। उन्हें ओबीसी के आंकड़े एकत्रित करने प्रपत्र को अलग से संलग्न करना होगा। नगरीय निकाय विभाग ने सभी नगर पालिका और निगम के सहायक राजस्व अधिकारी को अपने-अपने वार्ड में सुपरवाइजर बनाया गया है। चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, अतः कार्य को समय सीमा में करने कहा गया है। सर्वेक्षण के संबंध में प्रतिदिन का कार्य प्रगति प्रतिवेदन एआरओ के माध्यम से जोन कमिश्नर को प्रस्तुत करना होगा। मामले में जोन कमिश्नर कार्यालय में बीएलओ की बैठक कर उन्हें इस संबंध में जानकारी दी गई।

### आंकड़े जुटाने का प्रयास

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य कराने निर्वाचन आयोग ने 20 अगस्त से 10 अक्टूबर तक किया जाना है। विधानसभा चुनाव के मतदाता सूची के आधार पर पुनरीक्षण का कार्य होगा। नए मतदाता जोड़ने के अलावा उन मतदाताओं को चिन्हित किया जाएगा जो ओबीसी वर्ग के हैं। नगरीय निकाय विभाग के पास ओबीसी की वास्तवित संख्या नहीं होने के कारण वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया तय करने में कठिनाई को देखते हुए सर्वे कराया जा रहा है।

### वार्डों के परिसीमन में कई का क्षेत्र बढ़ा

जनगणना निदेशालय द्वारा जनगणना 2011 के जनसंख्या संबंधी आंकड़ो के अनुसार प्रत्येक वार्डो की जनसंख्या में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए नये सिरे से वार्डो का परिसीमन किया गया है। कई वार्ड में नए क्षेत्र जुड़े हैं, इससे वहां मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। वहीं कुछ वार्डों में मतदाता संख्या में कमी आरई है। मतदाता सूची का पनरीक्षण के बाद वार्ड आरक्षण की कवायद तय होगी।

## पेज 9 के शेष

### शराब सहित संदिग्ध होलोग्राम ...

ढक्कन कसने की मशीन, खाली शीशियां बरामद हुई, जिसे जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड में लिया गया। आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। उक्त कार्रवाई में आबकारी वृत्त नवागढ़ प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक निवेदिता मिश्रा तथा आबकारी उपनिरीक्षक सहदेव मरकाम,राज्यस्तरीय उड़नदस्ता से आबकारी उपनिरीक्षक योगेश सोनी, आरक्षक महेंद्र नाग,नरेंद्र ठाकुर,तथा वाहन चालक का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा। विभाग ने अवैध मदिरा संगहण एवं बेचने संबध में शिकायत के लिए कार्यालय आबकारी उपनिरीक्षक नवगढ़ के दूरभाष नं. 9821092076 पर शिकायत दर्ज कराए जाने की अपील किए हैं।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

## खबर संक्षेप




### प्राध्यापक डॉ. सोहन लाल को दी गई विदाई

**बालोद।** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय में वनस्पति शास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. सोहन लाल साहू को ससम्मान विदाई दी गई। विदाई समारोह में नायक, आरडी.साहू, जीएन. खरे, रितु पिसदा, वर्मा, मारकांडे, जितेश साहू, पूर्णिमा पथारे प्राध्यापक और बॉटनी विभाग के सभी छात्र उपस्थित थे। समारोह का संचालन वनस्पति शास्त्र के विभाग अध्यक्ष जितेश साहू ने किया। इस दौरान प्राध्यापकों ने प्राध्यापक डॉ. सोहन के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। वनस्पति शास्त्र के विभाग अध्यक्ष जितेश साहू ने अपने विभाग की ओर से शॉल एवं श्री फल भेंट किया।

### एनएसएस के स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

**बालोद।** जिला बालोद के विभिन्न अस्पताल में रविवार को रक्त की



कमी होने के कारण मरीज परेशान हो रहे थे। रविवार होने के कारण ब्लड बैंक के बंद होने से और ज्यादा परेशानी होई। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को इसकी जानकारी होने पर वे तत्काल बालोद पहुंचे। उसके बाद रक्त की कमी को दूर करते हुए तीन युनिट रक्तदान किया। पहली बार रक्तदान करने वालों में स्वयंसेवक दिपेश साहू, अंजलि साहू, पूनम साहू रहे।

### भाठागांव आर शाला विकास समिति के अध्यक्ष बने केके साहू

**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर



में सेवानिवृत्त शिक्षक केके साहू को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति उप मुख्यमंत्री व बालोद जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा की गई है। बता दें कि केके साहू इसके पहले संकुल प्रभारी व जिला साहू समाज बालोद के उपाध्यक्ष, शिक्षक संगठन के अध्यक्ष सहित अन्य पद पर भी रहे चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के लोगों ने बधाई देते हुए प्रभारी मंत्री का आभार जताया है।

### राशन दुकान में चोरी

**पाटन।** शासकीय राशन दुकान में अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत औसर में बीती रात को शासकीय उचित मूल्य की दुकान में चोरी की घटना हुई है। दुकान से 35 किलो चावल को पार कर दिया है। दुकान संचालक ने बताया कि गोदाम से गाड़ी लोड करा कर शासकीय उचित मूल्य की दुकान में माल खाली कराया। दुकान में ताला लगा कर घर लौटे। घटना रात की करीब 10 से 11 बजे की है। उसी रात को गॉव के आंगनबाडी में भी चोरी की वारदात हुई है।

---

**कृषि : गिरदावरी रिपोर्ट तैयार करने में जुटा जिले का राजस्व महकमा**

# किसानों की पसंद बनी धान की खेती इस बार रकबा और बढ़ने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बुआई का काम पूरा होने के बाद अब राजस्व विभाग ने गिरदावरी का काम शुरू कर दिया है। राजस्व विभाग का अमला खेतों तक पहुंचकर अपनी रिपोर्ट तैयार करने में जुट गया है। हालांकि इस बार यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जितने रकबे में किसानों ने धान की खेती की होगी, उतना धान ही वे बेच पाएंगे। यदि किसी किसान ने खेती भूमि में निर्माण कराया है तो उतना रकबा कटौती की जाएगी।

> ■ जिले के अधिकांश किसानों ने ली धान की फसल

हालांकि प्रदेश सरकार द्वारा प्रति क्विंटल किसानों को मिलने वाले 3100 रुपए भुगतान का असर भी दिखाई दे रहा है। गिरदावरी के शुरूआती सर्वे में जो बात सामने आ रही है, उसके अनुसार इस बार धान का रकबा जिले में बढ़ सकता है। खरीफ सीजन के लिए धान की खेती ही किसानों की पसंद बन गई है। भले ही सरकार कितनी भी कोशिशें अन्य फसल को बढ़ावा देने के लिए कर रही हो, लेकिन किसान धान की फसल पर ही अपना विश्वास जता रहे हैं।



**रोड, मकान, मेड़ का हिस्सा कटेगा**

मिली जानकारी के अनुसार खेतों के बीच कम से कम 100 वर्गफीट या उससे अधिक जमीन पर यदि निर्माण कराया जाता है तो उस रकबे में कटौती की जाएगी। ऐसे ही खेत में दस फीट चौड़ी सड़क का निर्माण करने पर ही गिरदावरी में जमीन कटौती की जाएगी। खेतों में मेड़ वाले हिस्सों को भी रकबे में नहीं जोड़ा जाएगा, जितने इलाकों में फसल ली जाएगी, उनका ही। गिरदावरी रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

**30 अक्टूबर तक सर्वे :** मिली जानकारी के अनुसार जिले में पटवारी अपने-अपने हल्का क्षेत्र में फसलों की गिरदावरी के काम में लग गए हैं। गिरदावरी का काम 20 अगस्त से शुरू कर दिया गया है। यह सर्वे का काम आगामी 30 अक्टूबर तक जारी रहेगा। दावा-आपत्ति की प्रक्रिया के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि इस बार जिले में कितने रकबे में किसानों ने धान की खेती की है।

#### रिकार्ड सुधरवाना पड़ेगा

पटवारी गिरदावरी का काम मैन्युअल और ऑनलाईन दोनों सिस्टम से किया जा रहा है। किसानों के खातों में यह दर्ज किया जा रहा है कि उनके पास कुल जमीन में कितने रकबे में धान या अन्य कोई फसल लगाई गई है, जिन किसानों ने पिछले साल अपनी खेतों में धान नहीं लगाया था, इस साल धान लगाए हैं। ऐसे किसान पटवारियों से मिलकर उन्हें जानकारी दे रहे हैं कि कितने रकबे में धान लगाया है। ये किसान पटवारियों से रिकार्ड में सुधार करवा रहे हैं। दरअसल जो किसान एक साल भी धान नहीं बोते हैं, उनकी जमीन के रिकार्ड में पड़त जमीन लिख दी जाती है।

---

## बेमेतरा प्रॉपर्टी डीलर संघ के अध्यक्ष चुने गए गिरीश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा प्रॉपर्टी डीलर संघ की जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस में रविवार बैठक हुई, जहां संघ के पुनर्गठन किए जाने पर सदस्यों ने राय शुमारी व चर्चा उपरांत सदस्यों ने एकराय होकर सर्वसम्मति से गिरीश गबेल को जिम्मेदारी सौंपते संघ अध्यक्ष चुना। उन्होंने कुछ दिनों में संपूर्ण कार्यकारिणी गठित किए जाने पर सहमति जताई। इसके पूर्व श्री गबेल के नाम का संघ के वरिष्ठ सदस्य नीलू राजपूत एवं राकेश मोहन शर्मा ने अध्यक्ष के लिए प्रस्ताव रखा, जिस पर बैठक में मौजूद सदस्यों ने ताली बजाकर स्वागत किया। अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद श्री गबेल ने कहा कि जिस आशा ओर विश्वास के साथ संघ के सदस्यों ने भरोसा जताया है, उस पर पूरी ईमानदारी व संगठन के उद्देश्यों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इसके अलावा बैठक में शामिल सदस्यों ने संघ के कुछ पदाधिकारी और सदस्यों की कार्यप्रणाली पर जहां नाराजगी जताई वहीं जमीन खरीदी बिक्री से संबंधित विषय पर चर्चा करते हुए कानून के मुताबिक कार्य किए जाने का निर्णय लिया। बैठक में संघ के संरक्षक राजेश शर्मा ,राकेश मोहन शर्मा, प्रवीण नीलू राजपूत, विकास तिवारी , गौरव साहू, दिलीप पटेल, बशीर अली,अजय शुक्ला, रानू वर्मा, शेखर राजपूत सहित बड़ी संख्या में प्रॉपर्टी डीलर्स मौजूद रहे।

> ■ संघ की बैठक में सर्वसम्मति से सौंपी गई जिम्मेदारी

---

### शासकीय विद्यालय देवकर में मनाया गया जन्माष्टमी व पोला पर्व

**देवकर।** विकासखण्ड साजा अन्तर्गत आने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या देवकर एवं बालक प्राथमिक शाला में जन्माष्टमी व पोला त्यौहार का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में प्रकाश कुंजाम सीएसी ने बच्चों को जन्माष्टमी और पोला पर्व का महत्व बताया। जन्माष्टमी के संबंध में प्रतिभा चौबे प्रधान पाठक ने लघु कथा सुनाई। साथ ही अहिल्या कुंजाम ने बच्चों को त्यौहार की बधाई दी। इस अवसर पर बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण किया। इसके साथ ही मिट्टी के खिलौने का निर्माण किया गया। कार्यक्रम में शाला के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं गीतांजलि अग्रवाल, फरहद खान, रश्मि, आमना परवीन, हरेन्द्र यादव छाया साहू की विशेष सहभागिता रही। इस उपलक्ष्य में हरेन्द्र यादव सहायक शिक्षक ने बालक प्राथमिक शाला के बच्चों को न्यौता भोज कराया।

### पार्किंग से करता था वाहन चोरी

**भिलाई।** वाहन चोर गिरोह से पुलिस ने पांच युवको को गिरफ्तार कर उनके पास से 11 वाहनों को जब्त किया है। चोरी का सरगना अस्पताल में सुरक्षा कर्मी का काम करता है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के पार्किंग से लगातार बाइक चोरी की वारदात लगातार होने की शिकायत मिल रही थी।

---

## स्वास्थ्य शिक्षा में युवाओं के आगे आने से आमूलचूल परिवर्तन हुए : विधायक दीपेश









हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित विजन पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थान में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति, छत्तीसगढ़ी व अन्य गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति से समां बांधा। सांस्कृतिक में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू थे, विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, भाजपा नेता राकेश मोहन शर्मा, अमीन पप्पू रवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

> ■ वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

इस मौके पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने समारोह में मौजूद छात्र-छात्राओं ,अभिभावकों व शिक्षकों के बीच अपने विचार व्यक्त करते हुए विजन पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थान परिवार को वार्षिक उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेमेतरा की पहचान अब एजुकेशन हब के रूप में होने लगी है और विशेषकर स्वास्थ्य शिक्षा में युवाओं के आने से आमूल-चूल परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कहा कि विजन पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थान ने महज कुछ सालों में जिस तरह अभिभावकों और छात्रों के बीच सकारात्मक छवि बनाई है, वह काबिले तारीफ है। श्री साहू ने समारोह में शामिल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आगे चलकर स्वास्थ्य सेवाओं में जिले का नाम रोशन करेंगे यही अपेक्षा हम सब की है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने इस दौरान कहा कि आने वाले समय में स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा नाम बनाएगा, जिसके लिए मैं पूरे विजन प्रशिक्षण संस्थान को बधाई देता हूं। मंच संचालन छाया बघेल तथा आभार प्रदर्शन विजन पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य आशा भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में कविता टंडन, सालिहा बेगम, गिरीश गबेल, विकास तिवारी सहित विजन प्रशिक्षण संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षिका व अभिभावक उपस्थित थे।

---

## शैक्षिक संवाद कार्यक्रम रायपुर में मटका स्कूल की शिक्षिका ज्योति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर द्वारा शैक्षिक संवाद सह शिक्षक सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया।

सेवानिवृत्त आईएएस और उच्च शिक्षा विभाग के पूर्व मुख्य प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में बेमेतरा जिले से मटका स्कूल की शिक्षिका ज्योति बनाफर को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह तथा शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर संदीप गांधी ने स्वागत भाषण दिया तथा डॉ सुनैना शुक्ला कॉर्पोरेट एवं माइंडफूलनेस प्रशिक्षक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक सत्र लिया।

बता दें कि जिले के पूर्व माध्यमिक शाला मटका की शिक्षिका बनाफर में खिलौने, टीएलएम, रोल प्ले के माध्यम से गणितीय अवधारणाओं का सरलीकरण करते हुए भयमुक्त वातावरण में बच्चों को पढ़ाने की विशिष्ट शैली है। ऑगमेंटेड रियलिटी शो में दक्षता के साथ बच्चों को पढ़ाते हुए यूट्यूब के माध्यम से विशेष क्रियाकलाप का प्रदर्शन एवं अध्यापन पदार्थ भी उपलब्ध कराती हैं, ताकि बच्चे आसानी से पुनरावृत्ति कर सकें। अध्यापन के साथ ही अन्य गतिविधियों का क्रियान्वयन कमजोर बच्चों को स्तर में लाने के लिए भाषाओं एवं गणितीय कौशल के विकास के लिए सतत प्रयासरत रहती है विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के लिए के माध्यम से बच्चों को आगे लाने का प्रयास करती हैं।

शिक्षिका ज्योति को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण एवं राज्य के सर्वोत्कृष्ट पुरस्कार राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जा चुका है।

---

## शासकीय विद्यालय आलबरस में दानदाताओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं कन्या प्राथमिक शाला आलबरस के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय को सहयोग प्रदान करने वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माया बेलचंदन जिला पंचायत सदस्य दुर्ग थीं, अध्यक्षता योगिता चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य दुर्ग ने की। वहीं, सरपंच आशा देशमुख एवं पूर्व उपसरपंच रोशन लाल देशमुख विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान शाला के लिए दान करने वाले दानदाताओं को उनके सराहनीय योगदान के लिए स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र तथा श्री फल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सैनिक कल्याण समिति आलबरस

> ■ विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी किया गया सम्मानित



द्वारा कक्षा 5 वीं चित्रा ठाकुर, छत्रपाल देशमुख प्रथम, वाणी हरमुख, दिनेश देशमुख द्वितीय, मुस्कान देशमुख, रुद्र देशमुख तथा कक्षा 8 वी की हिमांशी देशमुख प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान तथा शाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था के सफाई कर्मचारियों वासुदेव चेलक, सुरेंद्र देशमुख और भेषज चंदेल को शाल एवं श्री फल से सम्मानित किया गया।

---

**निजी चिकित्सक संघ ब्लॉक गुरूर की मासिक बैठक में वक्ताओं ने किया आग्रह**

## संघ के लिए सभी सदस्य हर माह कम से कम 2 घंटा अवश्य निकालें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

निजी चिकित्सक संघ ब्लॉक गुरूर की मासिक बैठक डॉ तरेश कुमार रावटे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष निजी चिकित्सक संघ गुरुर डॉक्टर लीलाराम बनपेला ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व संरक्षक निजी चिकित्सक संघ गुरूर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, जिला अध्यक्ष डॉ गोपाल साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष डॉ झूमुक सार्वा, डॉ देवा सार्वा, ब्लॉक कोषाध्यक्ष डॉ हेमंत ग्वालेन्द, जिला कोषाध्यक्ष, डॉ बलराम साहू, संरक्षक डॉ नारद साहू, ब्लॉक उपकोषाध्यक्ष डॉ प्रकाश साहू, संरक्षक डॉ टोडरमल मंचासीन थे। भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना के बाद डॉ बनपेला ने संघ की मजबूती के बारे में विशेष चर्चा की। उन्होंने प्रत्येक माह होने वाली बैठक में समस्त सदस्यों से शामिल होने का आग्रह करते हुए कहा कि संघ के लिए 2 घंटे अवश्य दें। डॉ गंजीर ने कहा कि चाहे कोई भी स्थिति हो, हम एकजुट होकर संघ को चलाएंगे और जो हमने संकल्प लिया है, रचनात्मक कार्यक्रम रक्तदान महादान जैसे पुण्य काम निरंतर



चलते रहें और अपने मरीज को रक्तदान करते रहें और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करें।

डॉ तारेश रावटे ने समस्त चिकित्सकों को जानकारी प्रदान की। डॉ योगेश साहू को संघ का विधि सलाहकार मनोनीत किया गया। मंच संचालन ब्लॉक सचिव डॉ परदेशी राम ठाकुर तथा आभार प्रदर्शन डॉ झुमुक सार्वा ने किया।

कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी डॉ उमेंद राम निषाद, सह मिडिया प्रभारी डॉ देव व्रत यादव, डॉ नरोत्तम साहू, डॉ डामन लाल साहू एवं शक्ति केंद्र के समस्त संयोजक सहसंयोजक एवं समस्त सदस्य उपस्थित थे।

---

### कुसुमकसा में डायरिया पीड़ितों की संख्या में कमी, स्वास्थ्य शिविर समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

अटल समरसता भवन कुसुमकसा में डायरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया गया अस्थाई स्वास्थ्य कैंप समाप्त कर दिया गया है। शिविर में पीड़ित मरीजों के उपचार के बाद लोगों के स्वस्थ होने से अब पीड़ितों की संख्या में कमी आई है। इसे देखते हुए सात दिनों से लगा अस्थाई स्वास्थ्य शिविर 1 सितंबर को सुबह समाप्त कर दिया गया। वहीं, पीड़ित मरीजों के स्वस्थ होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि क्रांति चौक, पिस्दापारा में 24 अगस्त से उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या की बढ़ता हुआ देखकर 26 अगस्त से स्वास्थ्य विभाग गांव में स्थित अटल समरसता भवन में अस्थाई स्वास्थ्य कैंप तीन दिन के लिए लगाया था। किंतु तीन दिनों में मरीजों के उपचार के बाद भी नए मरीज आने पर स्वास्थ्य कैंप को आगे और बढ़ा दिया गया। इस दौरान डायरिया पीड़ित लगभग 90 मरीजों का उपचार किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने कैंप में 8-8 घंटे शिफ्ट वाइस ड्यूटी करते हुए 24 घंटे सेवा दी। साथ ही मितानिनों ने भी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ डायरिया प्रभावित क्षेत्र के घर-घर जाकर पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य, खानपान, साफ-सफाई की जानकारी लेते रहे।

---

**राज्य मुख्य आयुक्त ने सेवा, समर्पण व अनुशासन का बताया महत्व**

## स्काउट-गाइड की बैठक में कई विषयों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक बालोद के टाउन हाल में आयोजित की गई।

राज्य मुख्य आयुक्त ने स्काउट गाइड में सेवा भाव समर्पण, अनुशासन की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। संगठित होकर सेवा कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। जिसमें जिला आयुक्त राकेश यादव को वारंट (अधिकार प्रमाण पत्र) प्रदान किया गया। यादव ने जिले में स्काउटिंग के सफलता पूर्वक संचालन के लिए कटिबद्ध रहने की बात कही। जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने जिला की ओर से स्वागत भाषण स्काउट





गाइड की सामाजिक भूमिका अनुशासन और जिले में स्काउटिंग गतिविधियों का प्रचार प्रसार पर जोर दिया।अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा ने अपने विद्यार्थी जीवन में स्काउटिंग गतिविधियों की भागीदारी को बताते हुए अपनी सफलता के पीछे स्काउटिंग को श्रेय दिया। जिला सचिव केएल गजेंद्र ने सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने जिले की समस्त क्रियाकलाप आय व्यय, स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियां जो संचालित हो रही हैं, प्रकाश डाला। जिला संगठन आयुक्त प्रेमलता चंद्राकर राज्य के निर्देश को शत प्रतिशत जिला में लागू करना समयबद्ध कार्य संचालित करना अपने कर्तव्य के प्रति तटस्थ भाव से कार्य करना एवं भावी योजना के लिए रूपरेखा तैयार कर राज्य मुख्य आयोग को फाइल के माध्यम से सौंपी।

समीक्षा बैठक में राज्य आयुक्त रेंजर प्रतिमा ठाकरे, गुरुर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ललित चंद्राकर, गुण्डरदेही नवीन यादव, डौंडीलोहारा हिमांशु मिश्रा, डौंडी जेएस भारद्वाज एवं जिला आयुक्त (गाइड) डीएन यादव, जिला (डीटीसी) स्काउट भुवन सिन्हा, (डीटीसी) (गाइड) सीमा साहू, गाइडर कमला वर्मा के साथ जिला के सक्रिय स्काउटर गाइडर उपस्थित थे।

